# नवोदय (Navodaya)

| दिनाँक (Dated): 13.11.2024 | पृष्ठ सं० (Page No). 01 | क्रम सं०(Serial No.) 12 |
|---|---|---|

# CISF को मिलेगी पहली महिला बटालियन



**1000 से अधिक कर्मियों वाली बटालियन को मंजूरी**

नई दिल्ली, 12 नवम्बर (नवोदय टाइम्स): केंद्र सरकार ने अति विशिष्ट व्यक्तियों, हवाई अड्डों और अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर बल की बढ़ती तैनाती को ध्यान में रखते हुए सीआईएसएफ में 1,000 से अधिक कर्मियों वाली पहली महिला रिजर्व बटालियन को मंजूरी दी है।

अधिकारियों ने बताया कि इस इकाई का गठन बल की स्वीकृत पदों में से किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस सप्ताह एक मंजूरी आदेश जारी किया। इसमें एक वरिष्ठ कमांडेंट रैंक अधिकारी के नेतृत्व में कुल 1,025 कर्मियों के साथ विशेष महिला रिजर्व इकाई को मंजूरी दी गई। बल में महिला कर्मियों की संख्या सात प्रतिशत से अधिक है। बल में कर्मियों की वर्तमान संख्या लगभग 1.80 लाख है। बल के प्रवक्ता ने बताया कि नई रिजर्व बटालियन की तैनाती के लिए शीघ्र भर्ती, प्रशिक्षण और स्थान के चयन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।